संक्षेप में

टेस्ला का पहला चार्जिंग स्टेशन अगले सप्ताह

टेस्ला अगले हफ्ते मुंबई में अपना पहला चार्जिंग स्टेशन शुरू करेगी। पिछले महीने भारतीय बाजार में अपने बहुप्रतीक्षित प्रवेश की घोषणा करने वाली कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में पहले टेस्ला चार्जिंग स्टेशन में चार वी4 सुपरचार्जिंग स्टॉल (डीसी चार्जिंग) और चार डेस्टिनेशन चार्जिंग स्टॉल (एसी चार्जिंग) होंगे। *भाषा*

चॉइस एएमसी : म्युचुअल फंड कारोबार की मंजूरी

चॉइस इंटरनैशनल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक चॉइस एएमसी को म्युचुअल फंड कारोबार में उतरने के लिए बाजार नियामक सेबी की अंतिम मंजूरी मिल गई है। फंड हाउस अपना परिचालन पैसिव फंड्स के साथ शुरू करेगा। चॉइस इंटरनैशनल के सीईओ अरुण पोद्दार ने कहा, म्युचुअल फंड प्लेटफॉर्म शुरुआत में पैसिव प्रोडक्ट्स पर ध्यान केंद्रित करेगा। *बीएस*

डेटा शेयरिंग में एनएसई ने सेबी संग मामला निपटाया

सबसे बड़े एक्सचेंज ऑपरेटर नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने सूचीबद्ध कंपनियों की गोपनीय जानकारी को अप्रत्यक्ष रूप से थर्ड पार्टी वेंडर के साथ साझा करने से संबंधित मामले को बाजार नियामक सेबी के साथ 40.35 करोड़ रुपये (4.6 मिलियन डॉलर) में निपटा दिया। नियामक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। *बीएस*

यात्री वाहनों की बिक्री रही सपाट

अंजलि सिंह
मुंबई, 1 अगस्त

घरेलू यात्री वाहनों की जुलाई में थोक बिक्री सपाट रहते हुए सालाना आधार पर महज एक फीसदी बढ़ी। डीलरों के पास अधिक इन्वेंट्री और ग्राहकों की कम मांग के कारण एक साल पहले के मुकाबले इस साल जुलाई में 3.48 लाख गाड़ियां बिकीं। मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) भी खुदरा बिक्री को तवज्जो दे रहे हैं और डीलरों को बिक्री को वास्तविक बाजार की मांग के अनुरूप बना रही हैं।

पिछले महीने जुलाई में यात्री वाहन उद्योग की खुदरा बिक्री भी सुस्त रही और महीने के दौरान 3.28 लाख वाहन बिके। वाहन पंजीकरण से पता चला कि सबसे ज्यादा गाड़ियां मारुति सुजूकी की बिकीं और उसने 1,28,423 गाड़ियों के साथ 40 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली। उसके बाद, 42,661 गाड़ियों की बिक्री के साथ ह्युंडै मोटर दूसरे स्थान पर रही। जून में तीसरे स्थान पर खिसकने के बाद जुलाई में कंपनी ने फिर 13 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर ली। उसके बाद महिंद्रा ने 13 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ 41,476 गाड़ियां बेचीं और टाटा मोटर्स ने 12 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ 39,795 गाड़ियों की बिक्री की।

उद्योग के जानकारों का मानना है कि घरेलू बिक्री का प्रदर्शन निकट अवधि में सुस्त रह सकता है। प्राइमस पार्टनर्स के



त्योहारी सीजन और मॉनसून से मांग में सुधार की आस

सलाहकार अनुराग सिंह ने कहा, 'डीलरों के पास इन्वेंट्री का स्तर ऊंचा है। इससे विनिर्माता कम वाहन भेज रहे हैं। डीलरों की प्रतिक्रिया के मुताबिक ग्राहकों की पूछताछ कम हुई है और खरीदार भी गाड़ी खरीदने में अधिक समय ले रहे हैं।'

भारत की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजूकी ने पिछले साल 1,37,463 गाड़ियां डीलरों के पास भेजीं। लेकिन इस साल इसमें 0.2 फीसदी की सपाट बढ़त रही और उसने 1,37,776 गाड़ियां ही भेजीं। कंपनी ने कहा कि वह डीलर डिस्पैच पर नहीं बल्कि खुदरा बिक्री के साथ तालमेल बिठाने पर ध्यान दे रही है जिसमें एक साल पहले के मुकाबले 7 फीसदी की वृद्धि हुई है। जुलाई में मारुति सुजूकी की डिजायर की सबसे ज्यादा बिक्री हुई। कंपनी की डिजायर 20,895 बिकीं और उसके बाद अर्टिगा 16,600 और वैगनआर 14,700 बिकीं।

इस रुझान के उलट महिंद्रा ने घरेलू डिस्पैच में 20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की और पिछले साल जुलाई के 41,623 वाहनों के मुकाबले इस साल जुलाई में 49,871 वाहनों की खेप भेजी। कंपनी ने खुलासा किया कि इस वृद्धि का बड़ा श्रेय हाल में उतारी गई एक्सयूवी 3एक्सओ 'रेवएक्स' श्रृंखला की गाड़ियों और बीई 6 और एक्यूवी 9ई मॉडलों के दो वेरिएंटेस की डिलिवरी शुरू होने को दिया जाता है।

ग्रामीण मांग में नरमी से निपटने के लिए मारुति अब निर्यात बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। ग्रामीण वृद्धि पिछले साल के 10 फीसदी से कम होकर 2 से 3 फीसदी रह गई है, जबकि शहरी मांग में सुधार दिख रहा है मगर आईटी क्षेत्र में नौकरी की चिंताओं, एआई से जुड़ी अनिश्चितताओं और भूराजनीतिक तनाव के कारण डिलिवरी में देरी हो रही है।

ह्युंडै मोटर इंडिया ने पिछले साल 49,013 गाड़ियां डिस्पैच कीं। मगर इस साल यह 10 फीसदी गिरकर 43,973 वाहन रह गई। टाटा मोटर्स की थोक खेप में भी 12 फीसदी गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने पिछले साल जुलाई में 44,725 गाड़ियों की खेप भेजी, जो इस साल कम होकर 39,521 गाड़ियां (इलेक्ट्रिक वाहन समेत) रह गईं।

हालांकि, एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बिक्री में मामूली 1.2 फीसदी की गिरावट आई। कंपनी ने पिछले साल जुलाई में 29,533 गाड़ियां डिस्पैच की थीं जो इस साल घटकर 29,159 गाड़ियां रह गईं।

दूसरी ओर, स्कोडा ऑटो इंडिया की घरेलू थोक बिक्री में 163 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और कंपनी ने पिछले साल जुलाई के 2,103 गाड़ियों के मुकाबले इस साल जुलाई में 5,536 गाड़ियां डीलरों को भेजीं। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू मोटर की भी थोक बिक्री में साल भर पहले के मुकाबले 46 फीसदी का इजाफा हुआ है। कंपनी ने पिछले साल जुलाई में 4,575 गाड़ियों की बिक्री की थी जो इस साल बढ़कर 6,678 गाड़ियां हो गईं।

आईटीसी का शुद्ध लाभ 3 फीसदी बढ़ा

ईशिता आयान दत्त
कोलकाता, 1 अगस्त

कंपनी की आमदनी 19.53 फीसदी बढ़ी

वित्त वर्ष 2026 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान आईटीसी का शुद्ध लाभ एक साल पहले के मुकाबले 3 फीसदी बढ़कर 5,244.20 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के शुद्ध लाभ को मुख्य रूप से सिगरेट और कृषि कारोबार से बल मिला है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 5,091.59 करोड़ रुपये था।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 23,129 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले के 19,350 करोड़ रुपये के मुकाबले 19.53 फीसदी अधिक है। कंपनी की उत्पाद शुल्क से शुद्ध आमदनी 21,495 करोड़ रुपये रही। यह ब्लूमबर्ग के अनुमान से अधिक रही। ब्लूमबर्ग का अनुमान था कि कंपनी का उत्पाद शुल्क से राजस्व 18,753.8 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 5,113.5 करोड़ रुपये रहेगा।

एक तिमाही पहले के मुकाबले कंपनी के सकल राजस्व में 13.51 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 20,376 करोड़ रुपये था। इसके अलावा एक तिमाही पहले कंपनी का शुद्ध लाभ 19,727 करोड़ रुपये था, जिसमें होटल कारोबार के डिमर्जन से होने वाला असाधारण लाभ शामिल था, जो 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी हुआ।

आईटीसी ने चुनौती भरे परिचालन परिवेश के बीच अपने प्रदर्शन को मजबूत बताया है। समूह की आईटीसी इन्फोटेक, सूर्या नेपाल और आईटीसी होटल जैसे कंपनियों ने इस प्रदर्शन में अपना योगदान दिया है। कंपनी ने कहा कि ग्रामीण मांग में लचीलापन जारी रहा तथा तिमाही के दौरान शहरी उपभोग मांग में सुधार के शुरुआती संकेत दिखाई देने लगे।

ऐपल को भारत से 'रिकॉर्ड' राजस्व

आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल ने 28 जून को समाप्त अपनी तीसरी तिमाही के दौरान भारत तथा अमेरिका, कनाडा, लैटिन अमेरिका, पश्चिमी यूरोप और पश्चिम एशिया सहित दो दर्जन से ज्यादा देशों और क्षेत्रों से 'रिकॉर्ड' राजस्व दर्ज किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ऐपल के मुख्य कार्य अधिकारी टिम कुक ने विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि आईफोन, मैक और सेवाओं में दो अंकों की वृद्धि से राजस्व में मदद मिली है। ऐपल के प्रमुख उत्पाद आईफोन की बिक्री जून तिमाही में 13.5 प्रतिशत बढ़कर 44.6 अरब डॉलर हो गई। उन्होंने कहा, 'हमने आईफोन के मामले में जून तिमाही में रिकॉर्ड बनाया। हमने हर भौगोलिक क्षेत्र में आईफोन की वृद्धि देखी और भारत, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और ब्राजील सहित उभरते बाजारों में दो अंकों की वृद्धि देखी।'

ऐपल ने कहा कि भारत से अमेरिका को आईफोन के निर्यात में कोई बदलाव नहीं आया है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से जून के बीच अमेरिका में बिकने वाले सभी आईफोन में से 71 प्रतिशत की आपूर्ति भारत से की गई, जबकि एक साल पहले 31 प्रतिशत आपूर्ति की गई थी। इसी तरह अमेरिका में बिकने वाले मैक, आईपैड और ऐपल वॉच की ज्यादातर आपूर्ति वियतनाम से की जाती है। *बीएस*

गोदरेज प्रॉपर्टीज का लाभ 15% बढ़ा

वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में गोदरेज प्रॉपर्टीज का मुनाफा सालाना आधार पर 15.4 प्रतिशत बढ़कर 600.12 करोड़ रुपये हो गया जबकि संग्रह में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान कंपनी का संग्रह 3,670 करोड़ रुपये रहा। लेकिन कंपनी का राजस्व (परिचालन से) 41.2 प्रतिशत घटकर 434.56 करोड़ रुपये रह गया। तिमाही के दौरान उसका कुल खर्च 732.58 करोड़ रुपये रहा, जो सालान आधार पर 20.49 प्रतिशत कम है। कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 915 करोड़ रुपये रहा। *बीएस*

अनिल अंबानी को लुकआउट नोटिस

हर्ष कुमार
नई दिल्ली, 1 अगस्त

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज 3,000 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी पर लुकआउट नोटिस जारी किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। इसके अलावा सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों से अनुमति लिए बगैर अनिल अंबानी देश भी नहीं छोड़ सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि अगर वह विदेश जाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें हवाई अड्डे या बंदरगाहों पर रोका जा सकता है।

इससे पहले, ईडी ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के समूह की कंपनियों के खिलाफ दर्ज करोड़ों रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में उन्हें 5 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया है। मामले की जानकारी रखने वाले आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि मामला दिल्ली में दर्ज होने के कारण अंबानी को ईडी के मुख्यालय में बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि एजेंसी अंबानी के पेश होने पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। सूत्रों ने कहा, 'समूह की कंपनियों के कुछ अधिकारियों को भी अगले कुछ दिनों में पेश होने के लिए कहा गया है।'

भारत को निर्यात केंद्र के रूप में देख रही रेनो

फ्रांस की वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने आज कहा कि वह भारत में अपनी बिक्री को मजबूत करेगी और चेन्नै में अपने संयुक्त संयंत्र में अपनी जापानी साझेदार निसान की शेष 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के जरिये निर्यात बढ़ाएगी।

कंपनी ने शुक्रवार को ऐलान किया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी की खबरों के बीच यह सौदा पूरा हो गया है। इस संयुक्त उद्यम - रेनो निसान ऑटोमोटिव इंडिया को पूरी तरह से रेनो ग्रुप के समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया जाएगा। रेनो ग्रुप ने कहा कि यह अधिग्रहण भारत को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय केंद्र में बदलने की रणनीति का हिस्सा है। इस सौदे के आकार पर टिप्पणी किए बिना रेनो ने बयान में कहा है कि हिस्सेदारी की यह खरीद भारत को अंतरराष्ट्रीय विनिर्माण केंद्र बनाने की रणनीति का हिस्सा है। *बीएस*

जेपी एसो. के ऋणदाताओं की अपील

बिना शर्त योजना पेश करें

रुचिका चित्रवंशी
नई दिल्ली, 1 अगस्त

जयप्रकाश एसोसिएट्स के लेनदारों की समिति (सीओसी) ने सभी समाधान आवेदकों से बगैर किसी शर्त के संशोधित समाधान योजनाएं पेश करने और बोली प्रस्ताव पर एक निश्चित संख्या देने के लिए कहा है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बताया है।

लेनदारों की समिति ने जयप्रकाश एसोसिएट्स ने पांच बोलीदाताओं के साथ बुधवार और गुरुवार को बैठक की थी और इस दौरान प्रत्येक योजना के कारोबारी और कानूनी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया था।

जयप्रकाश एसोसिएट्स के पांच बोलीदाताओं में अदाणी समूह, डालमिया समूह, वेदांत समूह, जिंदल स्टील ऐंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) और पीएनसी इन्फ्राटेक शामिल हैं। अदाणी को छोड़कर लगभग अन्य सभी बोलीदाताओं ने शर्तों के साथ प्रस्ताव पेश कर दिया है।

सूत्र ने कहा, 'लेनदारों की समिति ने कहा कि दी गई समाधान योजनाओं में सुरक्षा के कई नियम हैं। उन्होंने बोलीदाताओं से योजनाओं में बदलाव करने और एक सप्ताह के भीतर दोबारा संपर्क करने के लिए कहा है।'

600 पेशेवर काम पर रखने के लिए प्रतिबद्ध टीसीएस

पृष्ठ 1 का शेष

हरप्रीत सलूजा ने कहा, 'ऐसी महत्त्वपूर्ण चर्चा में कंपनी की अनुपस्थिति से सैकड़ों अनुभवी पेशेवरों की आजीविका और सम्मान को लेकर टीसीएस प्रबंधन की मंशा चिंता पैदा करते हैं।' इस बारे में पक्ष जानने के लिए टीसीएस को ईमेल किया गया मगर खबर लिखे जाने तक जवाब नहीं आया।

टीसीएस ने क्षेत्रीय श्रम आयुक्त को भेजे ईमेल में लिखा है, 'वैश्विक बाजार की मौजूदा स्थिति के कारण संगठनों को अपनी संसाधन आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्रस्तावित उम्मीदवारों को काम पर रखने में देरी कोई नई बात नहीं है और उद्योग में यह पहले से ही चलन में है। चूंकि भरे जाने वाले पद ग्राहकों के लिए परियोजनाओं की आवश्यकता पर आधारित होते हैं और जब परियोजना मिलने में देरी होती है तो ऐसी परियोजनाओं के लिए चुने गए उम्मीदवारों को ऑनबोर्ड करने में कुछ हद तक देरी होती है।' बिज़नेस स्टैंडर्ड ने इस ईमेल को देखा है। ईमेल में आगे कहा गया है कि उम्मीदवारों को दिए गए पद वापस नहीं लिए गए हैं और वह स्थगन अवधि को 'जितना संभव हो उतना कम' रखने का प्रयास कर रही है। हालांकि सलूजा ने कहा कि कंपनी को आधिकारिक और समयबद्ध ऑनबोर्डिंग शेड्यूल तय करना चाहिए और देरी के लिए मुआवजा देना चाहिए या प्रभावित लोगों के लिए सहायता तंत्र का प्रस्ताव करना चाहिए।

टीसीएस ने हाल ही में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के नेतृत्व होने वाले बदलाव को देखते हुए अपने संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए चालू वित्त वर्ष में अपने वैश्विक श्रमबल का लगभग 2 फीसदी यानी करीब 12,000 कर्मचारियों की छंटनी का निर्णय किया है। कंपनी के इतिहास में यह दूसरी सबसे बड़ी छंटनी है। इससे पहले 2012 में उसने लगभग 2,500 कर्मचारियों को खराब प्रदर्शन के कारण निकाला गया था।

NEW BARRACKPORE MUNICIPALITY
Notice Inviting e-Tender
The Executive Officer of New Barrackpore Municipality invites an e-Tenders.
NIT No.: WBMAD /ULB/NBM/ NIT-120/25-26 2nd call
Tender ID: 2025_MAD_884997_1 & 2025_MAD_884997_2
Bid submission **04/08/2025 10.00HRS** & Bid closing on- **19/08/2025 17.00 HRS.** Detailed information is available at **https://wbtenders.gov.in/** & New Barrackpore Municipal website **www.nbmonline.org**
Sd/- **Executive Officer**
New Barrackpore Municipality

NEW BARRACKPORE MUNICIPALITY
Notice Inviting e-Tender
The Executive Officer of New Barrackpore Municipality invites an e-Tenders.
NIT No.: WBMAD /ULB/NBM/ NIT-141/25-26
Tender ID: 2025_MAD_885072_1
Bid submission **04/08/2025 10.00HRS** & Bid closing on- **19/08/2025 17.00 HRS.** Detailed information is available at **https://wbtenders.gov.in/** & New Barrackpore Municipal website **www.nbmonline.org**
Sd/- **Executive Officer**
New Barrackpore Municipality

NEW BARRACKPORE MUNICIPALITY
Notice Inviting e-Tender
The Executive Officer of New Barrackpore Municipality invites an e-Tenders.
NIT No.-WBMAD /ULB/NBM/ NIT-142/25-26
Tender ID: 2025_MAD_885075_1
Bid submission **04/08/2025 10.00HRS** & Bid closing on- **19/08/2025 17.00 HRS.** Detailed information is available at **https://wbtenders.gov.in/** & New Barrackpore Municipal website **www.nbmonline.org**
Sd/- **Executive Officer**
New Barrackpore Municipality

Office of the Board of Councillors
Konnagar Municipality
73, G. T. Road (West), Konnagar, Hooghly
E-Tender has been invited by Chairman, Konnagar Municipality from bonafied agencies for various work under Konnagar Municipality. For details please visit **www.wbtenders.gov.in**. **E-Tender ID:** 2025_MAD_885955_1 (Submersible Pump), 2025_MAD_885955_2 (Oxygen Pipeline), 2025_MAD_885955_3 (LED Street Light), 2025_MAD_886223_1 (G+4 SWM Building). **Bid Submission Start Date:** 02-08-2025 11:00 AM. **Bid Submission Closing Date:** 09-08-2025 04:00 PM (2025_MAD_885955_1-3), 23-08-2025 04.00 PM (G+4 SWM Building). **Bid Opening Date:** 11-08-2025 04:10 PM (2025_MAD_885955_1-3), 25-08-2025 04:10 PM (G+4 SWM Building).
Sd/-
Chairman
Konnagar Municipality

Rajasthan Co-operative Dairy Federation Limited
"SARAS SANKUL", J.L.N. MARG, JAIPUR – 302017, Phone No. 0141-2702501-508, Telefax 0141-2702135
Website : sarasmilkfed.rajasthan.gov.in, E-mail : dpm-rcdf@rajasthan.gov.in, proj-rcdf-rj@gov.in
No. :- RCDF/DPM & Proj./C-4008-IV/2025-26/19397 - 437 Dated :- 30/07/2025
NOTICE INVITING TENDER
E-Tenders are invited for "S/E/T/C of Plant and Machinery For Dairy Plant on Turn Key Basis at Milk Union Barmer" (UBN No. CDF2526GLOB00615) and "S/E/T/C of Refrigeration Plant and Machinery For Dairy Plant on Turn Key Basis at Milk Union Barmer" (UBN No. CDF2526GLOB00616) , "S/I of glow shine board at RCDF Building, Saras Sankul, Jaipur" (UBN No. CDF2526WSOB00617) and "Various Civil Work and Retaining Wall for Silo at CFP Lambiyakalan, Bhilwara" (UBN No. CDF2526WSOB00618). The estimated cost of above work is Rs. 720.00 Lac , 125.00 Lac, 22.85 Lac and 372.00 Lac respectively. Details can be obtained from our website: **www.sarasmilkfed.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** i.e. spp portal.
Raj.Samwad/C/25/7274 **General Manager (DPM & Projects)**
जीवन में गति स्वस्थ धवल दूध

NOTICE INVITING e-NIT
eNIT No - BDO BNK1/04/ MDW/IMDP/SSM/2025-2026 DATED 31.07.2025
Percentage rate quotation & tender is invited by the Block Development Officer, Bankura-I Development Block for Building Works and others. Details will be available from the office of the undersigned in working days.
Sd/-
Block Development Officer
Bankura-I Development Block

SHORT TIME N.I.Q. & SPOT BID No. 04 of 2025-2026 of EE/PWD/JGM. DIVN. : Proposed Visit of the VVIP of W.B.
Construction of temporary barricading works with bamboo, view cutter, drop gates, road marking etc. at different locations of both side of main road from Jhargram Rajbari Tourist Complex to Five Point Crossing in Connection with proposed visit of VVIP of West Bengal. Valid all paper will be available on or before **04.08.2025 upto 10.30 A.M.** at the Departmental Website **(www.wbpwd.gov.in.)** and at the office of the Executive Engineer, Jgm.Divn., P.W.Dte.
Sd/- **EE/PWD/JGM Divn.**

SHORT NOTICE INVITING QUOTATION
Quotation is being invited by the undersigned from the eligible contractors. For work as follows:-
NIQ NO. - 06/Q of 2025-26
N.W- Temporary security lighting arrangement, Hiring of DG Set at Midnapore Circuit House & Helipad at different site of Midnapore, Paschim Medinipur in connection with the Hon'ble V.V.I.P visit. on and from 04.08.2025 to 06.08.2025. Detail of works can be seen from O/o the undersigned on week days. During office hours & from website: www.pwdwb.in Last dt. application: 03.08.2025 upto 01.30 P.M. Last dt. permission: 03.08.2025 upto 02.00 P.M. Last dt. Of receiving quotation: 03.08.2025 upto 03.30 P.M. Dt. of Opening: 03.08.2025 at 04.00 P.M.
Sd/-
Executive Engineer
Paschim Medinipur Electrical Division, P.W.Dte.

JHARGRAM MUNICIPALITY
Sadhu Ramchand Murmu Sarani, Bachurdoba: Jhargram
Ph: 03221-255098, Email: Jhargram.municipality@gmail.com
Notice Inviting e-Tender, [ABRIDGED]
WBMAD/JM/NIT- 11(e)/2025-26
Memo no.: 2477/4 PW-15, Date: 01.08.2025, Tender Id: 2025_MAD_886263_1 to 4
E-Tenders are being invited for 1. Construction of Boundary Wal, 2. Renovation of Crematorium, 3. Construction of Wing Wall, 4. Construction of Record room in Third Floor over Existing G+II storied Municipal Office Building.The details of above tender may be seen at the office Notice board, S.D.O.Office & Govt. E-Tender Portal **https:/www.wbtenders.gov.in.** Last date of submission of Bid **18/08/2025 upto 12.00Noon**
Sd/- **Chairperson, Jhargram Municipality**

यूको बैंक UCO BANK सॉल्टलेक आंचलिक कार्यालय, विद्युत भवन डीजे ब्लॉक, सॉल्टलेक सिटी, सेक्टर-II, कोलकाता-700091
शाखा परिसर की आवश्यकता है
यूको बैंक, एक अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक, शाखाओं के लिए नीचे उल्लेखित स्थानों पर खास कर भूतल पर 1000-1200 वर्ग फीट कॉरपेट क्षेत्रफल (एटीएम सहित) परिमाप के परिसरों को किराए पर लेना चाहता है।

क्रमांक	स्थान	जिला
1	ममूदपुर	उत्तर 24 परगना
2	एक्शन एरिया III, न्यू टाउन	उत्तर 24 परगना
3	सॉल्ट लेक सेक्टर V	उत्तर 24 परगना
4	खारियोप	हावड़ा
5	बेलियियस रोड	हावड़ा

विवरण ऊपर उल्लेखित पते पर यूको बैंक सॉल्ट लेक आंचलिक कार्यालय से संग्रह किए जा सकते हैं तथा हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.ucobank.com/tenders से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त, 2025 है।
दिनांक: 30.07.2025 **डीजीएम एवं आंचलिक प्रबंधक**
सॉल्ट लेक अंचल

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
TATA POWER-DDL
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली–110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, osclkbV: tatapower-ddl.com
शुद्धिपत्र / निविदा तिथि विस्तार Aug 02, 2025

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	पूर्व प्रकाशित दिनांक	संशोधित निविदा तिथि/बोली जमा कराने की तिथि/बोली खोलने की तिथि
TPDDL/ENGG/ENQ/200001832/25-26 Purchase of Laptops	14.06.2025	05.08.2025 at 1600 Hrs/ 05.08.2025 at 1630 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200001826/25-26 Annual RC for SITC of Jointing Kits at Tata Power-DDL Site / Stores	07.06.2025	12.08.2025 at 1500 Hrs/ 12.08.2025 at 1530 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com** → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents

बैंक ऑफ़ इंडिया BOI
प्रधान कार्यालय संसाधन संग्रहण विभाग
स्टार हाउस – 2, 8 वीं मंजिल सी-4, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051
फ़ोन: +91 22 6131 9856, 6131 9848, 6131 9859
वेबसाइट : www.bankofindia.co.in;
ईमेल : headoffice.resources@bankofindia.co.in
बैंक ऑफ़ इंडिया खाताधारकों की विभिन्न पॉलिसियों हेतु निविदा सूचना के लिए शुद्धिपत्र
बैंक ऑफ़ इंडिया ने निविदा संदर्भ संख्या: एचओ:आरएम:जीआर:407 दिनांक 25.07.2025 के माध्यम से जारी प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दस्तावेज के संदर्भ में 30.07.2025 को भौतिक एवं ऑनलाइन प्री बिड बैठक का आयोजन किया गया। अटेंडेंट द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों को नोट किया गया और बैंक के उत्तर को GeM पोर्टल और बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट: **www.bankofindia.co.in** पर "निविदा" अनुभाग के अंतर्गत अपलोड किया गया है।
बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि 07 अगस्त 2025
महाप्रबंधक
संसाधन संग्रहण विभाग,
बैंक ऑफ़ इंडिया, प्रधान कार्यालय

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat
परिशिष्ट–IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई–नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई–नीलामी सूचना
पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन नं. 011–23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय रायपुर : कार्यालय सं. 111–112, प्रथम तल, प्लॉट सं. 1, ब्लॉक सं.9, डीवी कॉर्पो रेट पार्क, राजबंध मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर–ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर–डी में वर्णित है प्रत्यभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर–सी में वर्णित है) को मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएनबीएचएफएल)/प्रत्यभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार"** पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।
एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ता(ओं)/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम–8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या–ए में दर्शाया जा सकता है।बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया **मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / प्रत्यभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

ऋण सं./उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/ गारंटर(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A)	मांग राशि और दिनांक (B)	कब्जे का प्रकार (C)	बंधक संपत्तियों का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (आरपी का 10%)(F)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक(G)	बोली वृद्धि मूल्य (H)	निरीक्षण की दिनांक और समय (I)	नीलामी की दिनांक और समय (J)	ज्ञात ऋण भार/न्यायालय मुकदमा अगर कोई है (K)
HOU/RAI/0120/770365 मोहम्मद असलम अली/अजमेरी खातून, शाखा : रायपुर	रुपये **27,44,625.01/–** दिनांक **16.02.2023** तक	भौतिक कब्जा	अपार्टमेंट सं. 501, ब्लॉट सं. ई, 5वां तल, ख. सं. 303/15, 303/2, 303/10, साई विलास और अपार्टमेंट फैज 2, कुम्हारी दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001, भारत	रु. **10,23,000/–**	रु. **1,02,300/–**	19.08.2025	रु. 10,000/–	05.08.2025 दोपहर 12:00 बजे से अपरा॰ 04:00 बजे	28.08.2025 अपरा॰ 02:00 बजे से अपरा॰ 03:00 बजे	ज्ञात नहीं

***आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्यभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर–के में उद्घाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।**
(1) आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। **(2)** संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्ट